विवरण

अभिनिर्धारित स्थापित/विस्तार परिपथ

	स्थापित परिपथ.	विस्तार टूअर्स (नए परिपथ)
1.	महाराष्ट्र/राजस्थान/उत्तर प्रदेश बंबई-औरंगाबाद-उदयपुर-जोधपुर-आगरा-दिल्ली	उदयपुर-चित्तौडगढ़-माउण्ट आबू-रनकपुर-कुम्बलगढ़-जौधपुर
2.	दिल्ली/उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश/उड़ीसा/पश्चिम बंगाल दिल्ली-आगरा-खजुराहो-वाराणसी भुवनेश्वर-पुरी-कोणार्क-कलकत्ता	भुवनेश्वर-चिल्का झील और ललितगिरि- रत्नगिरि
3.	महाराष्ट्र/उत्तर प्रदेश/दिल्ली/गुजरात बंबई-भावनागर-अहमदाबाद जयपुर-आगरा-दिल्ली	भावनगर-पलिटाना-लोथल अहमदाबाद-मोधेरा
4.	महाराष्ट्र/मध्य प्रदेश/उत्तर प्रदेश/दिल्ली बंबई-इंदौर-भोपाल ग्वालियर-आगरा-दिल्ली	इंदौर-माण्डू- उज्जैन
5.	दिल्ली/उत्तर प्रदेश/राजस्थान/महाराष्ट्र दिल्ली-आगरा-जयपुर-जोधपुर उदयपुर-बंबई	सेरिस्का-अलवर- देवगढ़ और भरतपुर
6.	दिल्ली/उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश/बिहार दिल्ली-आगरा-झांसी खजुराहो-वाराणसी	(क) पटना-राजगीर-नालन्दा बोधगया (ख) झांसी-ओरछा-खजुराहो-पन्ना
7.	दिल्ली/उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश दिल्ली-वाराणसी-खजुराहो ग्वालियर-आगरा	झांसी-शिवपुरी-ग्वालियर-दतिया
8.	दिल्ली/उत्तर प्रदेश/हिमाचल प्रदेश दिल्ली-आगरा-दिल्ली	हिमाचल प्रदेश में कुल्लु-मनाली में और

शुल्क मुक्त दुकानों में चोरी के बारे में शिकायतें

1791. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत पर्यटन विकास निगम की शुल्क मुक्त दुकानों में कदाचार और चोरी के बारे में कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या उपचारी कार्यवाही की है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) और (ख) भारत पर्यटन विकास निगम को पिछले कुछ दिनों में इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

एयर इंडिया के किरायों में वृद्धि

1792. **कुमारी आलिया** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान एयर इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में किन-किन तारीखों को वृद्धि की गई तथा किन कारणों से; और

(ख) एयर इंडिया द्वारा किरायों में कितने प्रतिशत वृद्धि की गई और उसके परिणामस्वरूप उसने कितना अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) और (ख) अन्तर्राष्ट्रीय किरायों में सैक्टर से सैक्टर आधार पर वृद्धि की सिफारिश प्रति वर्ष, अन्तर्राष्ट्रीय विमान परिवहन संघ (आयटा) द्वारा मार्ग विशिष्टताओं, मुद्रा विनिमय कारकों और परिचालनात्मक लागतों के आधार पर की जाती है। सामान्यतः किरायों में वृद्धि ग्रीष्मकालीन (अप्रैल) और शीतकालीन (नवम्बर) समयावलियों के साथ प्रभावित होती है। 1.12.89 से 1.12.91 तक की अवधि के दौरान भारत से अंतरराष्ट्रीय विमान किरायों में विभिन्न सैक्टरों में समग्र आधार पर 25% से 50% तक की वृद्धि हुई।

Airbus A-320 Crash in France

1793. SHRI VIREN J. SHAH: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to refer to the reply to Unstarred Question 6 given in the Rajya Sabha on 25th February, 1992 and state:

(a) whether it is a fact that the Indian pilots as well as their counterparts in France had demanded that all the A-320 be grounded till the reasons for the Bangalore tragedy were known; and

(b) if so, what are the reasons for which A-320 was reinducted in the Indian Airlines fleet?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Indian Commercial Pilots' Association representing line pilots of Indian Airlines had issued directive on 25th February 1990 to A-320 pilots not to resume flying till preliminary investigation of accident